एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **36** स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR738E00241** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DHANNALAL YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GIRDHARILAL YADAV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **विशाखा यादव** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. धन्ना लाल यादव** पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र , मृत्यु प्रमाण पत्र , सहमती पत्र , बटवारा नामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**डॉ. तृप्ति पाणिग्रही**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

पत्र क्र./34438/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 14-08-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34438**
**वार्ड का नाम-37- शहीद चूड़ामणी नायक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **37** स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR516C0058A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JUGRU PRASAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LOKWA YADAV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NAGESH KUMAR YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE MANOJ KUMAR YADAV** न पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र , मृत्यु प्रमाण पत्र , सहमती पत्र , बटवारा नामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**डॉ. तृप्ति पाणिग्रही**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone7@gmail.com**

पत्र क्र./34420/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 14-08-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 34420**
**वार्ड का नाम-37- शहीद चूड़ामणी नायक वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **37** स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR516C00058** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JUGRU PRASAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LOKWA YADAV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAKESH KUMAR YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE MANOJ KUMAR YADAV** न पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र ,मृत्यु प्रमाण पत्र , सहमती पत्र , बटवारा नामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**डॉ. तृप्ति पाणिग्रही**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

# संपादकीय

## नतीजे मुद्दों से ही तय हुए

तीनों उपचुनावों में किसी समान सूत्र की तलाश करना संभव नहीं है। बल्कि यह कहना ज्यादा ठीक होगा कि उपचुनाव स्थानीय सवालों और समीकरणों पर लड़े गए और उनके नतीजे उन मुद्दों से ही तय हुए। बिहार के बांकीपुर और मध्य प्रदेश के दतिया विधानसभा उपचुनाव नतीजों में 'कॉकरोच' आंदोलन का असर ढूंढने का लालच होना अपनी जगह ठीक है, लेकिन फिलहाल ऐसे किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। मुमकिन है कि युवा मतदाताओं का एक हिस्सा जंतर-मंतर और 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान जो हुआ, उससे प्रभावित हुआ हो। लेकिन इन नतीजों का विश्लेषण करते वक्त चुनावी राजनीति की पेचीदगियों को ध्यान में रखना उचित नजरिया होगा। बिहार के बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के नतीजे ने जरूर सियासी सनसनी पैदा की है, और इसे बेशक सत्ताधारी भाजपा के लिए बड़ा झटका माना जाएगा। इससे प्रशांत किशोर का चेहरा चमका है और अब लोग उनकी पार्टी को अधिक गंभीरता से लेंगे। इस रूप में यह राष्ट्रीय जनता दल के लिए भी झटका है। प्रशांत किशोर का सारा दांव राजनीति विमर्श को सांप्रदायिक और जातीय ध्रुवीकरणों से निकालने पर टिका रहा है। वे शिक्षा, पलायन, और आर्थिक पिछेड़ेपन के वो मुद्दे उठा रहे हैं, जिनसे सभी समुदाय प्रभावित हैं। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की कथित आपराधिक पृष्ठभूमि, कथित फर्जी डिग्री, और उम्मीदवारी के पर्चों में जानकारी छिपाने के आरोप को भी बड़ा मुद्दा बनाए रखा है। बांकीपुर में उनकी भारी जीत इन मुद्दों के कारगर होने का संकेत है। लेकिन एक शहरी क्षेत्र में- जहां मध्य वर्गीय मतदाता बड़ी संख्या में हैं- मिली सफलता क्या गांव-देहात तक फैल पाएगी, ये बड़ा सवाल अभी कायम है। उधर मध्य प्रदेश में दतिया सीट को कांग्रेस ने अपने पास बरकरार रखा। इस कारण इस नतीजे में बदलाव की लहर ढूंढना निराधार है। हर जीत महत्त्वपूर्ण होती है, और इस लिहाज से कांग्रेस इस पर जरूर संतोष कर सकती है। मगर असंतोष की तमाम चर्चाओं के बीच गुजरात के मंझलपुर में उसे भाजपा के हाथों करारी हार मिली। इससे पार्टी के सामने मौजूद चुनौतियां फिर जाहिर हुई हैं। कुल मिलाकर जो सूरत उभरी, उसके बीच तीनों उपचुनावों में किसी समान सूत्र की तलाश करना संभव नहीं है। बल्कि यह कहना ज्यादा ठीक होगा कि उपचुनाव स्थानीय सवालों और समीकरणों पर लड़े गए और उनके नतीजे उन मुद्दों से ही तय हुए।

# आधारभूत चुनौतियों से उन्नत विषयों तक.....स्वतंत्रता दिवस भाषणों के जरिए भारत के बदलाव की यात्रा

पिछले एक दशक में भारत ने कितनी दूरी तय की है, इसे मापने का एक सरल तरीका है: प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस के भाषणों को सुनना। मोदी सरकार के शुरुआती वर्षों में भाषण उन समस्याओं पर केंद्रित होते थे जिन्हें आज हम सामान्य मान सकते हैं: शौचालय, बिजली, गरीबी, सड़कें, बैंक खाते और उर्वरक की कमी। लेकिन जब प्रधानमंत्री ने इन पर बात की, तो उनके लहजे में एक तत्परता थी। चुनौती यह थी कि जो टूटा हुआ है उसे ठीक किया जाए और जो छूट गए हैं उन तक पहुंचा जाए। वर्षों के दौरान, उनकी शब्दावली में बदलाव आने लगा। बातचीत पहुंच से आकांक्षा की ओर, कमियों को दूर करने से क्षमताओं के निर्माण की ओर, और तात्कालिक समस्याओं को हल करने से ऐसी प्रणालियां बनाने की ओर बढ़ी जो भारत की पहचान को फ़िर से उन समस्याओं से न बांध सकें। शायद यही कारण है कि लाल किले से दिए गए उनके संबोधनों की अवधि और उनका दायरा अपने आप में एक अलग पहचान बन गया है। जिस प्रधानमंत्री का कार्य जीवन अथक परिश्रम के लिए जाना जाता है, उनके द्वारा लाल किले से देश की यात्रा को प्रस्तुत करने में समर्पित समय बहुत कुछ बयां करता है। ये केवल वार्षिक भाषण नहीं हैं; यदि इन्हें एक साथ पढ़ा जाए, तो ये देश के रूपांतरण के एक चलते-फ़िरते रिकॉर्ड जैसे प्रतीत होते हैं।

### 1. शौचालय सेमीकंडक्टर-

2014: क्या हम अपनी माताओं और बहनों की गरिमा के लिए शौचालय की व्यवस्था भी नहीं कर सकते

2026: आज की डिजिटल दुनिया और तकनीक-संचालित युग में, हम चिप के महत्व को समझते हैं। चाहे इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान हो, चिकित्सा उपकरण हों या परिवहन प्रणाली, चिप्स हर जगह अनिवार्य हैं। दुनिया एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है जहां चिप्स के बिना पूरी व्यवस्था ठप हो सकती है। यही कारण है कि भारत ने आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अपनी सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षमता स्थापित करना शुरू कर दिया है।

### 2. ग्रामीण सड़कें उपग्रह मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग

2016: हमारे देश में ग्रामीण सड़कें एक शाश्वत मुद्दा हैं। प्रत्येक ग्रामीण नागरिक पक्की सड़कों की इच्छा रखता है।

2018: हमारे वैज्ञानिकों ने एक साथ 100 से अधिक उपग्रह प्रक्षेपित किए, जिससे पूरी दुनिया आश्चर्यचकित रह गई।

2024: मैंने देखा है कि चंद्रयान मिशन की सफ्लता के बाद हमारे स्कूलों और कॉलेजों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि का एक नया माहौल बना है।

2025: हम अंतरिक्ष में अपने दम पर आत्मनिर्भर भारत गगनयान की तैयारी कर रहे हैं। हम अपने दम पर अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

2026: आज एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी, स्पेस, रोबोटिक्स और डेटा सेंटर का युग है। एक बिल्कुल नया क्षेत्र खुल गया है। उभरती प्रौद्योगिकियां हमें हर पल चुनौती दे रही हैं। इसलिए, हमें अपने देश को केवल दुनिया का बाजार नहीं बनाना है; हमें नवाचार का केंद्र बनना होगा।

### 3. गरीबी के खिलाफ लड़ाई

2014: यदि भारत के लोग बिना सरकार की ताकत के, बिना हथियारों के और बिना संसाधनों के भी इतने बड़े साम्राज्य को उखाड़ फेंक सकते हैं, तो दोस्तों, आज समय की मांग है कि गरीबी को मिटाया जाए, क्या हम गरीबी पर विजय नहीं पा सकते क्या हम गरीबी को हरा नहीं सकते मेरे 125 करोड़ प्यारे देशवासियो, आइए हम गरीबी मिटाने का, इसके खिलाफ जीतने का संकल्प लें। 2026: विकसित भारत का संकल्प तभी पूरा होगा जब विकास अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा। 2014 से पहले केवल 25 करोड़ लोगों के पास सामाजिक सुरक्षा कवच था... हमने एक दशक के भीतर 100 करोड़ देशवासियों को सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान किया है।

### 4. महिलाओं की गरिमा से लेकर महिला-नेतृत्व वाले आरक्षण तक-

2014: हम 21वीं सदी में जी रहे हैं। क्या हमें कभी इस बात का दर्द हुआ है कि हमारी माताओं और बहनों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है क्या महिलाओं की गरिमा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी नहीं है गांव की गरीब महिलाएं रात होने का इंतजार करती हैं; जब तक अंधेरा न हो जाए, वे शौच के लिए बाहर नहीं जा सकतीं... क्या हम अपनी माताओं और बहनों की गरिमा के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं कर सकते

2018: मैं गर्व के साथ भारतीय सशस्त्र बलों की शॉर्ट सर्विस कमीशन में महिला अधिकारियों की नियुक्ति के लिए स्थायी कमीशन देने की घोषणा करता हूं।

2026: आइए हम उनकी गरिमा को बनाए रखने के लिए आगे आएं और यह सुनिश्चित करें कि हमारी माताओं और बहनों को जल्द से जल्द विधानसभाओं और लोकसभा में 33त्र प्रतिनिधित्व मिले, ताकि वे भारत की नीतियों को आकार देने में योगदान दे सकें। यह समय की मांग है और मैं एक बार फ़िर सभी राजनीतिक दलों से आग्रह करता हूं कि आएं और इस कार्य में शामिल हों।

### 5. किसानों को प्राथमिकता देना

2014: लेकिन, कृपया मुझे बताएं कि हमारे किसान आत्महत्या क्यों करते हैं किसान साहूकार से कर्ज लेता है, लेकिन कर्ज चुकाने में असमर्थ रहता है। वह अपनी बेटी की शादी के लिए कर्ज लेता है, लेकिन चुका नहीं पाता। उसे जिंदगी भर कष्ट सहने पड़ते हैं। वह आत्महत्या का रास्ता चुनता है। ऐसे किसानों के गरीब परिवारों को कौन बचाएगा

2018: अर्थशास्त्री, किसान संगठन, किसान और साथ ही राजनीतिक दल यह मांग कर रहे थे कि किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना न्यूनतम समर्थन मूल्य (स्स्क) मिलना चाहिए। इस मुद्दे पर सालों तक बहस हुई, फाइलें इधर-उधर घूमती रहीं, लेकिन बात अटकी रही। आखिरकार हमने फैसला लिया। हमने किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना स्स्क देने का साहसिक निर्णय लिया।

2025: पिछले साल मेरे देश के किसानों ने खाद्यान्न उत्पादन में पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए... 4 लाख करोड़ रुपये के कृषि उत्पादों का निर्यात किया गया है।

2026: हमारे किसानों की पहुंच अब वैश्विक बाजारों तक है। एफ्टीए (स्न्न्न) के कारण हमें एक बहुत बड़े बाजार तक पहुंच मिल रही है... हमें खेत से निर्यात बाजार की ओर बढ़ना होगा। चाहे हमारा पारंपरिक व्यंजन हो, हमारे मोटे अनाज (श्री अन्न) हों, हमारे मसाले हों, हमारे फ्ल हों या हमारे फूल हों... आज इस एफ्टीए के कारण हमारे झींगा (shrimp) के निर्यात की संभावना बहुत बढ़ गई है।

### 6. स्टार्टअप इंडिया

2015: मुझे स्टार्टअप्स को ताकत देनी है और इसलिए, मैं संकल्प लेता हूं कि आने वाले दिनों में स्टार्टअप इंडिया और स्टैंड-अप इंडिया होगा।

2016: आने वाले दिनों में हिंदुस्तान का ऐसा कोई जिला, ऐसा कोई ब्लॉक नहीं होना चाहिए जहां स्टार्टअप शुरू न हों। क्या भारत यह सपना नहीं देख सकता कि वह स्टार्टअप की दुनिया में दुनिया में नंबर एक बने आज हम उस स्थिति में नहीं हैं।

2026: हमने कई रास्ते खोले हैं; हमने स्टार्टअप सेक्टर खोला है। आपने देखा होगा कि औसतन 28 वर्ष की आयु के युवाओं के नेतृत्व वाले भारत के निजी स्टार्टअप्स ने अपने उपग्रह और रॉकेट लॉन्च किए, जो अपने पहले ही प्रयास में सफ्ल रहे। उन्होंने वास्तव में कुछ उल्लेखनीय हासिल किया है।

### 7. विनिर्माण/प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता

2014: ...इलेक्ट्रिकल से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स तक, 'आइए, मेक इन इंडिया', ऑटोमोबाइल से लेकर कृषि मूल्य संवर्धन तक 'आइए, मेक इन इंडिया', कागज हो या प्लास्टिक, 'आइए, मेक इन इंडिया', उपग्रह हो या पनडुब्बी 'आइए, मेक इन इंडिया'।

2025: ...इसी साल के अंत तक, भारत के लोगों द्वारा भारत में निर्मित 'मेड इन इंडिया' चिप बाजार में उपलब्ध होगी। ऑपरेटिंग सिस्टम से लेकर साइबर सुरक्षा तक, दीप टेक से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक, सब कुछ हमारा अपना होना चाहिए, जिस पर हमारे अपने लोगों की क्षमता केंद्रित हो, हमें दुनिया के सामने उनकी क्षमताओं की ताकत को पेश करना चाहिए।

2026: हमें विनिर्माण क्षेत्र को महत्वपूर्ण रूप से आगे बढ़ाना चाहिए; उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ, हमें छोटे घटकों से लेकर बड़े पैमाने के उत्पादों तक सब कुछ बनाने की आवश्यकता है। पूरी वैल्यू चेन हमारी होनी चाहिए और हमें इसके साथ आगे बढ़ना चाहिए, हमें घटकों के साथ-साथ पूर्ण विनिर्माण की आवश्यकता है, हमें पूर्ण उत्पाद भी चाहिए। डिजाइन से लेकर विनिर्माण तक, भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक विश्वसनीय केंद्र के रूप में उभरना होगा।

### 8. गांव का विद्युतीकरण परमाणु ऊर्जा का विस्तार

2015: इन 18,500 गांवों में बिजली के खंभे, बिजली के तार और बिजली पहुंचाने का लक्ष्य अगले 1000 दिनों के भीतर हासिल कर लिया जाएगा।

2026: ऊर्जा सुरक्षा समय की मांग है, और इसलिए, हमने इस दिशा में पहले ही कई कड़े कदम उठाए हैं। ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने का एक बड़ा माध्यम परमाणु ऊर्जा है। संसद में शांति (स्ग्र्ह्ज्ञ्ढ) अधिनियम पारित करके, हमने एक नए लक्ष्य की राह प्रशस्त की है। 2047 तक, हम 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा के लक्ष्य की ओर काम कर रहे हैं। इसी दशक के भीतर, हमने पांच नए परमाणु रिएक्टर शुरू करने का लक्ष्य रखा है।

### 9. इंटरनेट कनेक्टिविटी

2015: आप कल्पना कर सकते हैं कि गांवों के बच्चों को कितनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी, यदि भारत के सभी गांव ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जुड़ जाएं और यदि हम गांवों के हर दूर-दराज के कोने के स्कूलों में दूरस्थ शिक्षा (distance education) देने में सक्षम हों।

2024: हमने वे दिन भी देखे हैं जब हमें 2त्र के लिए भी संघर्ष करना पड़ता था। हम 6त्र के लिए पहले से ही मिशन मोड में काम कर रहे हैं और हम अपनी प्रगति से दुनिया को चौंका देंगे।

2026: इंटरनेट उपयोगकर्ताओं और उपभोक्ताओं की संख्या लगभग चार गुना बढ़ गई है। दिए गए पेटेंट की संख्या में चार गुना वृद्धि हुई है। डिजिटल लेनदेन में 100 गुना वृद्धि हुई है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना होना चाहिए कि 'मेड-इन-इंडिया' 6त्र दुनिया के हर कोने तक पहुंचे। हमें इस दिशा में अपने प्रयासों को गति देनी चाहिए, और इस प्रयास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता कम नहीं होनी चाहिए।

### 10. वामपंथी उग्रवाद / नक्सलवाद

2017: मैं वामपंथी उग्रवाद को अंकुश में लाने के लिए सुरक्षा बलों के प्रयासों की गहराई से सराहना करता हूं, जिसने इन क्षेत्रों के बहुत से युवाओं को आत्मसमर्पण करने और मुख्यधारा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।

2018: वामपंथी उग्रवाद, माओवाद देश का खून बहा रहे हैं। हिंसक घटनाएं, लोगों का घरों से भागना और जंगलों में छिपना रोज की बात थी। हमारे सुरक्षा बलों के निरंतर प्रयासों, विकास परियोजनाओं की शुरुआत और लोगों को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों के कारण, 126 जिलों को प्रभावित करने वाला वामपंथी उग्रवाद अब घटकर 90 जिलों तक सीमित हो गया है।

2025: एक समय था जब नक्सलवाद ने 125 से अधिक जिलों में जड़ें जमा ली थीं। हमारे आदिवासी इलाके और युवा माओवाद के चंगुल में फंस गए थे। आज, हमने उस संख्या को 125 से अधिक जिलों से घटाकर केवल 20 कर दिया है।

2026: जब आपने हमें 2014 में सेवा करने का अवसर दिया, तो हमने उसी दिन देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का संकल्प लिया था। आज मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि नक्सली-माओवादी हिंसा में शायद अब अपनी अंतिम सांस लेने की ताकत भी नहीं बची है। हम इसे पूरी तरह खत्म करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। जिन इलाकों में कभी नक्सली गोलियां चलाते थे, जहां की जमीन कभी खून से सनी होती थी, आज उन्हीं नक्सल प्रभावित इलाकों और क्षेत्रों में विकास, विश्वास और प्रयास का तिरंगा शान से लहरा रहा है।

### 11. बैंक खाते यूपीआई और वैश्विक फ़िनटेक प्रभुत्व

2015: आजादी के साठ साल बाद भी... देश के 40त्र लोग बिना बैंक खाते के थे... गरीबों के लिए बैंकों के दरवाजे नहीं खुले थे।

2025: हमारा अपना यूपीआई प्लेटफॉर्म आज दुनिया को हैरान कर रहा है... अकेले भारत यूपीआई के जरिए 50त्र रियल-टाइम लेनदेन कर रहा है।

2026: हमने यूपीआई और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन पहले ही कर दिया है। हमने दुनिया को अपनी ताकत से अवगत कराया है। अब भारत को अपनी डिजिटल पब्लिक टेक्नोलॉजी को दुनिया के हर कोने में ले जाना होगा।

# आलेख

## एमएसएमई तंत्र को मजबूत करने के लिए सुधारों का अगला चरण

**जीतन राम मांझी**

संसद के दोनों सदनों द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक, 2026 का पारित होना, एमएसएमई के लिए भारत के कानूनी ढांचे को तेज़ी से बदलते तंत्र के अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मूल अधिनियम के बाद से पिछले दो दशकों में, लाखों उद्यम औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बने हैं और एमएसएमई राष्ट्रीय विकास, निर्यात और रोज़गार सृजन में अहम योगदान देने वाले बन गए हैं। इस संशोधन का उद्देश्य एमएसएमई इकोसिस्टम को ज़्यादा संवेदनशील और भरोसे पर आधारित बनाना है। इससे पंजीकरण आसान होगा, वर्गीकरण बेहतर होगा, ऋण तक पहुंच और समय पर भुगतान आसान होगा, विवादों का निपटारा डिजिटल और तेज़ होगा और नियमों का पालन आसान होगा। इस संशोधन में उद्यमों के मुफ्त और स्वैच्छिक पंजीकरण के लिए एक राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रावधान किया गया है। इससे कई तरह की बाधाएं दूर होंगी और सरकार को बेहतर तरीके से लाभ पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। अधिनियम के तहत पंजीकरण एक पात्रता है, जिसका दावा कोई भी कंपनी कर सकती है, यह कोई बाध्यता नहीं है। यह संशोधन संयंत्र, मशीनरी या उपकरणों में निवेश और कारोबार के संयुक्त मानदंडों के आधार पर उद्यमों के वर्गीकरण के लिए एक स्पष्ट फ्रेमवर्क प्रदान करता है। इस वर्गीकरण से फ्रेमवर्क को प्रौद्योगिकी, लागत, बाजार और व्यवसाय मॉडल में आने वाले बदलावों के अनुसार तेज़ी से ढाला सकता है और यह केंद्र सरकार को अधिसूचना के माध्यम से इसकी सीमाओं को निर्धारित करने का अधिकार देता है। ज़्यादातर एमएसएमई के लिए सबसे बड़ी चिंता नियमित नकद प्रवाह की होती है, क्योंकि किसी छोटे उद्यम का एक भी भुगतान न मिलने का व्यापक असर कर्मचारियों के समय पर वेतन, कच्चे माल की खरीद और अगले ऑर्डर को स्वीकार करने पर पड़ता है, जिससे भुगतान में देरी होने से कंपनी के काम करने और आगे बढ़ने की क्षमता पर बुरा असर पड़ सकता है। इसलिए इस संशोधन में इस समस्या को तीन चरणों – रोकथाम, समाधान और कार्यान्वयन के माध्यम से दूर करने की कोशिश की गई है। रोकथाम: यह केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए %ट्रेड्स% (टीआरइडीएस) के माध्यम से एमएसएमई से संबंधित रसीद (इनवॉइस) के भुगतान और जानकारी देने को अनिवार्य बनाकर पारदर्शिता लाता है। राज्य सरकारें भी यही नियम अपने राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों पर लागू कर सकती हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित एक डिजिटल प्लेटफॉर्म होने के नाते, %ट्रेड्स% एक स्वीकृत इनवॉइस के आधार पर बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों से तुरंत वित्तपोषण प्राप्त करने की सुविधा देता है। इससे आपूर्तिकर्ता को अग्रिम भुगतान मिल जाता है, जबकि खरीदार तय तिथि पर बैंक या वित्तीय संस्थान को भुगतान चुकता करता है। इस प्रकार, रिसिवेबल्स (मिलने वाली रकम) आपूर्तिकर्ता के लिए लिक्विडिटी का ज़रिया बन जाता है, जिससे कंपनी को अपने कामकाज का प्रबंधन करने, बिलों का भुगतान करने और व्यवसाय को आगे बढ़ाने में आसानी होती है। समाधान: यह इस अधिनियम के विवाद-समाधान फ्रेमवर्क को और अधिक मजबूत करता है। यह राज्य सरकारों को मध्यस्थता और सुलह के लिए अतिरिक्त %सूक्ष्म और लघु उद्यम सुविधा परिषदों (एमएसइएफसी) की स्थापना करने में सक्षम बनाता है। यह मध्यस्थता और सुलह के लिए समय-सीमा निर्धारित करता है तथा ऑनलाइन विवाद-समाधान को वैधानिक मान्यता प्रदान करता है। इससे मामलों का तेजी से निपटारा होगा और एक ऐसी व्यवस्था तैयार होगी जिससे कंपनी प्रक्रिया और समय-सीमा की निश्चितता के साथ अपने जायज़ दावों को पेश कर सकेगी। कार्यान्वयन: सुविधा परिषदों% द्वारा दिए गए निर्णय के तहत मिलने वाली रकम को ज़मीन के लगान की बकाया राशि की तरह वसूला जा सकता है। यदि कोई खरीदार किसी फैसले को अदालत में चुनौती देना चाहता है, तो उसे तय राशि का 75 प्रतिशत अदालत में जमा कराना होगा और यदि वह चुनौती छह महीने तक लंबित रहती है, तो अदालत उस जमा राशि में से आधी राशि आपूर्तिकर्ता को जारी कर सकती है। इस प्रकार, लंबे समय तक चलने वाली मुकदमेबाजी के कारण जायज दावों को खारिज नहीं किया जा सकेगा और अदालत में बीतने वाला समय अब केवल खरीदार के पक्ष में नहीं होगा।

# वन अधिकार कानून को कमजोर करने के प्रयास

**कुलभूषण उपमन्यु**



गोचर भूमियों के बारे में तो कोई स्पष्ट जिक्र तक इस कोड में नहीं है। लोगों की नजर में वन विभाग की भूमिका हमेशा अधिकार हड़पने की रही है तो इस प्रक्रिया में उनका विश्वास करना थोड़ा कठिन हो रहा है। जैसे अन्य विभागों में होता है कि जमीन तो लोगों की है, कृषि विभाग उसमें जरूरी सहयोग करता है, उद्योग तो उद्योपति का है, उद्योग विभाग उसमें जरूरी आर्थिक सुविधाएं और सहयोग देता है, इसी तरह सामुदायिक वन जो वन अधिकार कानून के तहत समुदाय को दिया गया उसका मालिक तो समुदाय है, वन विभाग को उसमें केवल जरूरत पडने पर मांगा गया सहयोग देने तक सीमित रखना चाहिए भारतवर्ष में वन हमेशा आदिवासी समुदायों और कृषि-पशुपालन-दस्तकारी व्यवसाय से जुड़े समाजों के लिए आजीविका के आधार रहे हैं, जिसमें चरागाह भूमियों का भी महत्वपूर्ण स्थान रहा है, जिसे चरागाह दर्खान, चरागाह बिला दर्खान, गोचर भूमि आदि नामों से जाना जाता था। अंग्रेजों ने जब 1860 के आसपास वन भूमियों पर कब्जा करके वनों को वन विभाग के हवाले करने का कार्य आरंभ किया, तब वनों का चरित्र और प्रबन्धन पूरी तरह से बदल गया। अब वनों का मालिक वन विभाग हो गया और स्थानीय समुदाय कुछ सीमित स्तर के बरतनदार मात्र बना दिए गए, जिन्हें वन विभाग की दया पर निर्भर कर दिया गया। आदिवासी इलाकों में इस स्थिति के खिलाफ कई आंदोलन और लड़ाइयां हुईं, किन्तु अन्ततोगत्वा ब्रिटिश वन प्रबन्धन का युग शुरू हुआ जिसमें वन विभाग का लक्ष्य वनों के व्यापार से अधिक से अधिक कमाई करके ब्रिटिश सरकार के हवाले करना था। इस वजह से वनों के स्वरूप को भी बदलने का काम शुरू हुआ। मिश्रित बहुउपयोगी वनों को एकल प्रजाति के व्यापारिक प्रजाति के वनों में बदला जाने लगा जिससे स्थनीय समाजों की वनों पर आधारित आजीविकाएं नष्ट होती चली गईं। यह क्रम चिपको आन्दोलन द्वारा इस व्यापारिक वन प्रबन्धन के खिलाफ 70-80 के दशक में किए गए लंबे संघर्ष तक आजादी के बाद भी जारी रहा। हालांकि 1986 की वन नीति के बाद से वन रोपण नीतियों में बदलाव आने लगा, किन्तु आदिवासियों और अन्य वन निर्भर समुदायों को डेढ़ सदी तक हुई हानि को देखते हुए 2006 में वन अधिकार कानून बना कर इस ऐतिहासिक अन्याय को दूर करने का प्रयास हुआ, जिसके अनुसार वन भूमि में खेती करने वाले आदिवासी और अन्य वन निर्भर समुदायों को खेती योग्य भूमि कानूनी तौर पर उन्हें देने, वनों में उनके बरतनदारी अधिकारों को कानूनी अधिकार में बदलने और बरतनदारी वन क्षेत्रों को इन समुदायों को अपनी जरूरतों के अनुसार प्रबंधित करने के प्रावधान किए गए। इस कानून को विशेष कानून का दर्जा दिया गया, ताकि यह अन्य सभी वन कानूनों की परवाह किए बिना लागू किया जा सके। वन भूमि पर इस तरह समुदायों के बढ़ते दखल और अधिकारों के मद्देनजर वन विभाग शुरू से ही इसके विरोध में बना रहा। इसी खतरे को भांपते हुए इस कानून को लागू करने की जिम्मेदारी आदिवासी या जनजातीय मंत्रालय को सौंपी गई। अन्य प्रशासनिक स्तरों के परोक्ष विरोध और राजनीतिक इच्छा शक्ति के अभाव में 2008 में अधिसूचित हो जाने के बावजूद यह कानून कछुआ चाल से ही लागू किया जा रहा है। धीरे धीरे वन अधिकार कानून के अंतर्गत बनाई गई ग्राम सभाओं की शक्तियां जिला स्तरीय अनुश्रवण समितियों को सामुदायिक वन प्रबंधन में व्यापक भूमिका देकर कम की जा रही हैं। सामुदायिक वनों पर सामूहिक स्वामित्व आधारित व्यवस्था को सांझे वन प्रबंधन की दिशा में मोड़ा जा रहा है। सांझा वन प्रबन्धन अपनी सीमाओं के चलते कोई प्रभावी सफ्लता दिखाने में पहले ही असफ्ल हो चुका है, क्योंकि उसमें समुदाय की भूमिका नाममात्र की थी। जब तक समुदाय को यह विश्वास नहीं हो जाता कि यह वन हमारा है और हमें मिलकर इसकी रक्षा और संवर्धन करना है और इसके लाभ भी प्राप्त करने हैं, तब तक समुदाय को सक्रिय प्रबंधक नहीं बनाया जा सकता। इसी कमी को वन अधिकार कानून ध्यान में रखता है और अधिकार आधारित व्यवस्था बनाता है। 27 जुलाई 2026 को पर्यावरण और वन मंत्रालय और आदिवासी मंत्रालय का एक सांझा पत्र जारी किया गया है, जिसमें सांझा वन प्रबंधन की बात की गई है और 2023 के वर्किंग प्लान कोड के अनुसार सामुदायिक वनों के प्रबंधन की कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया गया है, और वन विभाग के सहयोग से यह योजना बनाई जाएगी। जाहिर है कि इसमें समुदायों की बात तो हाशिए पर ही रहेगी। यह कोड इतना पेचीदा है कि कोई भी सामुदायिक वन प्रबंधन समिति इस आधार पर योजना बना ही नहीं सकती है। गोचर भूमियों के बारे में तो कोई स्पष्ट जिक्र तक इस कोड में नहीं है। लोगों की नजर में वन विभाग की भूमिका हमेशा अधिकार हड़पने की रही है तो इस प्रक्रिया में उनका विश्वास करना थोड़ा कठिन हो रहा है। जैसे अन्य विभागों में होता है कि जमीन तो लोगों की है, कृषि विभाग उसमें जरूरी सहयोग करता है, उद्योग तो उद्योपति का है, उद्योग विभाग उसमें जरूरी आर्थिक सुविधाएं और सहयोग देता है, इसी तरह सामुदायिक वन जो वन अधिकार कानून के तहत समुदाय को दिया गया उसका मालिक तो समुदाय है। वन विभाग को उसमें केवल जरूरत पडने पर मांगा गया सहयोग देने तक सीमित रखना चाहिए। तभी अधिकार आधारित व्यवस्था कायम हो सकेगी। हालांकि इस पूरी व्यवस्था को वन अधिकार कानून की धारणा के अनुसार विकसित होने में कुछ समय लगेगा। इसमें, करते हुए सीखने, की प्रक्रिया को अपनाना होगा। किन्तु सबसे जरूरी बात जो ध्यान में रखनी होगी, वह है कि कहीं भी समुदाय को यह नहीं लगना चाहिए कि हमारी स्थिति इस व्यवस्था में भी बाहरी तमाशाई से ज्यादा नहीं है। इसे वन अधिकार कानून की आत्मा पर ही आघात लगेगा और वांछित प्रतिफ्ल भी प्राप्त नहीं हो सकेगा।

# बृहद मंत्रोकचार व मंगल कलशो के साथ हुई चातुर्मास की स्थापना

■ तिरंगा यात्रा राष्ट्र भक्ति का माध्यम हम सब तिरंगा यात्रा में चलेंगे : विजय धुर्रा

**अशोक नगर ( विश्व परिवार )।** अशोक नगर से बहुत पुराना रिश्ता है इस नगर में आकर संयमित जीवन की शुरुआत सन दो हज़ार सत्रह में की थी आपकी श्रद्धा भक्ति देखते ही बनती है गत वर्ष यहां ऐतिहासिक चातुर्मास परम पूज्य संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज का हुआ वैसा ही उत्साह यहां देखने को मिल रहा है वैसे भी शोक रहित ना शोका वतियती अशोका शोक रहित वातावरण का नाम अशोक नगर है यहां हमें ये उत्साह उमंग पहले ही दिन से देखने को मिल रहा है श्रमण की अपनी मरियाद होती है श्रावक की अपनी मरियाद होती है हम सब ने परियादा पुरुषोत्तम श्री राम चन्द्र जी के जीवन चरित्र हमारे जीवन में भी चारितार्थ होना चाहिए उक्त आश्य केउद्गार श्री सुधासागर मांगलिक जैन भवन शान्ति नगर में चातुर्मास कलश स्थापना समारोह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए ।




## कलश स्थापित कर तिरंगा यात्रा निकालेंगे शहर के प्रमुख मार्गों से : विजय धुर्रा

इसके पहले जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि आज हम सब परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज के चातुर्मास कलश की स्थापना को समारोह पूर्वक करने जा रहे हैं आज हम समापन समारोह के उपरांत अपने राष्ट्र धर्म को तिरंगा यात्रा के रूप में परम पूज्य मुनि श्री के सान्निध्य में शान्ति नगर से सुभाष गंज लेकर चलेंगे आज हम भारत माता के अमर सपूत शहीद लेफ्टिनेंट गौतम जैन के परिवार को सम्मानित करने जा रहे हैं सबसे पहले हम हमारे बीच इन्दौर से पधारे श्री सुमत प्रकाश जी का अभिनंदन करने जा रहे हैं इनका सम्मान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर संजय कमेटी संयोजक मनोज रन्नौद संयोजक उमेश सिघई मनीष सिंघ ई दारा किया गया इस दौरान मुनिश्री के ग्रहस्थी के परिवार जन विजय कुमार सोनू जैन इन्दौर का भी सम्मान किया गया इस दौरान शान्ति नगर पाठशाला के वच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मंगलाचरण की प्रस्तुति दी गई

## शहीद लेफ्टिनेंट गौतम के परिवार का जैन समाज ने किया सम्मान

इस दौरान आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज की प्रेरणा पा कारगिल में शहीद हुए लेफ्टिनेंट गौतम जैन के परिवार जन सुमित प्रकाश जैन एवं परम पूज्य मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज के गृहस्थ जीवन के परिवार जनों का जैन समाज द्वारा शाल श्रीफल से सम्मान किया गया इस दौरान सुमित प्रताप जैन ने कहा कि जनसेवा के साथ देश भक्ति भी हम सब के अंदर होना चाहिए हम एक सपूत देश कि सीमाओ की रक्षा के लिए समर्पित करें भगवान आदिनाथ स्वामी ने सबसे पहले असी का उपदेश दिया है हमें एक नहीं दो और तीन बच्चे पैदा करना है तव हम धर्म समाज और देश की रक्षा के लिए अपनी सन्तान को समर्पित कर सकेंगे।

# तप साधना द्वारा ही वढती परिणामों में विशुद्धि : विशद सागर जी

■ धर्मसभा में मुनि श्री ने दी श्रावकों को सीख, अटामंदिर में जैन मुनि संघ द्वारा चातुर्मास स्थापित



**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि श्री विशद सागर महाराज एवं मुनि शिवसागर महाराज ससंघ का जैन अटामंदिर में प्रभावना पूर्वक चातुर्मास कलश श्रेष्ठीजनों द्वारा पूजन विधान के साथ स्थापित किया। इस मौके पर मुनि विशद सागर महाराज ने चातुर्मास को आत्मकल्याण का अमूल्य अवसर बताते हुए कहा इसमें साधू जहां अपनी तप साधना के माध्यम से परिणामों में विशुद्धि बढाते हैं वहीं श्रावक साधू संगति में स्वाध्याय, प्रवचन के माध्यम से धर्म और नैतिक आचरण से जुडने के संस्कार ग्रहण करते हैं। उन्होने चातुर्मास को श्रावक और साधुओं दोनो के लिए उपयोगी बताते हुए अनुशासित और मर्यादित रहने के लिए सीख दी। मुनि श्री ने कहा गुरू की संगति परमात्मा के मार्ग को प्रशस्त करती है जीवन में संतोष ही वह माध्यम है जिसके द्वारा नर पर्याय की सार्थकता है।

धर्मसभा का शुभारम्भ जैन अटामंदिर में धर्मसभा का शुभारम्भ आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलित कर श्रेष्ठीजनों द्वारा किया गया। मंगलाचरण वीतराग शासन मण्डल एवं पाठशाला परिवार द्वारा किया गया। इसके उपरान्त आचार्य श्री की संगीतमय पूजन भक्तिपूर्वक महिला मण्डल के संयोजन में हुई जिसमें ब्रहमचारिणी वहिनों के साथ महिला एवं पुरुष मण्डलों ने अर्घ समर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान निर्यापक श्रमणमुनि सुधासागर महाराज के ग्रहस्थ जीवन के अग्रज भ्राता ऋषभ जैन ईशुरवारा को जैन पंचायत द्वारा सम्मानित किया गया। चातुर्मास कलश स्थापना हेतु मुनि श्री को जैन पंचायत अध्यक्ष डा0 अक्षय टडैया के साथ पदाधिकारियों ने श्रीफल अर्पित कर निवेदन किया। चातुर्मास कलश स्थापना को विधिपूर्वक प्रतिष्ठाचार्य वाल ब्रहमचारी प्रदीप भैया सुयश अशोकनगर द्वारा सम्पन्न कराया।

# राघौगढ़ में श्रमण धारा प्रवचन माला

■ अति चिंतन से बचना आज के समय की आवश्यकता।

**राघौगढ़ ( विश्व परिवार )।** विद्या समय रत्न, महान तपस्वी, प्रखर वक्ता, बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने धर्मनगरी राघौगढ़ में श्रमण धारा प्रवचन माला के अंतर्गत आज मंगल प्रवचन करते हुए कहा अति चिंतन, ज्यादा सोचना या कहें ओवर थिंकिंग वर्तमान में एक बड़ी समस्या बन गई है। ज्यादा सोचना, ज्यादा भोजन, ज्यादा बोझ यह सभी समस्याओं के कारण है। आपने पुराना सूत्र सुनाते हुए कहा 'अति सर्वत्र वर्जते'।

यह भी कहा बिना बेचारे जो करे सो पीछे पछताए। मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने कहा हमारा सही दिशा में है तो हम देश की दशा और दिशा बदलने की क्षमता रखते हैं।हमें ज्यादा सोच विचार न कर जल्दी उचित निर्णय लेना चाहिए। आपने आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के कहे गए वचनों का उल्लेख करते हुए कहा नदी के प्रभाव को रोकने की बजाय नदी के प्रभाव की दिशा



बदलने की आवश्यकता है। वर्तमान में विद्यार्थी कक्षा 10 उत्तीर्ण कर कक्षा 11 में प्रवेश लेने से पूर्व यह निर्णय नहीं ले पाते हैं कि आगे विज्ञान की पढ़ाई करूं या वाणिज्य की पढ़ाई करूं। इस विषय पर अनिश्च की स्थिति में गहरी सोच में डूब जाते हैं। इससे मानसिक तनाव बढ़ जाने से अवसाद स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन करते हुए कहा अति चिंतन पर प्रवचन करने का यह मेरा विषय आप सभी को यह अवगत कराना है कि अति चिंतन दुखदाई है। अति चिंतन ज्यादा सोच अथवा ओवरथिंकिंग से बचने के लिए अपने मार्गदर्शन दिया कि हमें विषय का ज्ञान है तो अति चिंतन से बचना है हमारे अंदर शीघ्र निर्णय की क्षमता होना चाहिए। किसी विषय पर हमने निर्णय ले लिया है तो उसे निर्णय का दृढ़ता से पालन करना चाहिए इन उपायों से ही हम अति चिंतन ज्यादा सोच अथवा ओवर थिंकिंग से बच सकेंगे।

# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की पुण्यतिथि पर भाजपा शंकर नगर मंडल ने अर्पित की श्रद्धांजलि

■ विधायक श्री पुरंदर मिश्रा जी,जिलाध्यक्ष श्री रमेश ठाकुर जी,पूर्व प्रदेश मंत्री श्री छगनलाल मूंदड़ा जी,प्रदेश प्रवक्ता सुनील चौधरी जी ने दिया विशेष उद्बोधन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज भाजपा शंकर नगर मंडल द्वारा अटल उद्यान, शंकर नगर सेक्टर-2 में श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष श्री राम प्रजापति जी के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि अटल जी



का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पण का प्रेरणास्त्रोत है। उनके विचार एवं आदर्श सदैव देशवासियों को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते रहेंगे।

कार्यक्रम में विशेष रूप से रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा जी भाजपा रायपुर जिला अध्यक्ष आदरणीय श्री रमेश ठाकुर जी, भाजपा वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश मंत्री जिलाध्यक्ष श्री छगनलाल मूंदड़ा जी, प्रदेश प्रवक्ता श्री सुनील चौधरी जी, जिला उपाध्यक्ष श्री अकबर अली जी, जिला मंत्री श्रीमती अर्चना हुकरे जी, प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा उपाध्यक्ष श्री देवदत्त साहू जी, मधुसूदन शर्मा जी, श्री पंकज जगत जी, ब्रिजेश अग्रवाल जी, विपिन पटेल जी मंडल उपाध्यक्ष श्री प्रकाश सिन्हा जी, श्री अनूप वर्मा जी, मंडल मंत्री श्रीमती लता जगत जी, श्री राम तांडी जी, कोषाध्यक्ष श्रीमती वर्षा सहिस जी, सोशल मीडिया प्रभारी श्री जय डिग्री जी, श्री सूरज यादव जी, श्री नितिन श्रीवास्तव जी, श्री मनीष सेन जी, श्री विरमणि चौबे जी, श्रीमती पूर्णिमा देवांगन जी, श्री इंदर नायक जी श्री नवीन वर्मा जी, श्री राहुल यादव जी, श्री शुभम पुराणिक जी, श्री नीरज धुरंधर जी, श्री आर्यांश मिश्रा जी,विजय छुरा जी, विशाल बाग जी,श्री ऋषभ साहू जी, श्री सूरज वर्मा जी, श्री शीतल नायक जी, श्री इंदर साहू जी, श्री यशवर्धन अग्रवाल जी, ने राष्ट्रभक्ति प्रस्तुति दी।

# वीराचार्य बाबासाहेब कुचनुरे जी की 38वीं पुण्यतिथी कर्मवीर मल्टिस्टेट कोल्हापूर में संपन्न



**कोल्हापूर ( विश्व परिवार )।** कर्मवीर मल्टिस्टेट कोल्हापूर के शाखा सल्लागार श्री अभिषेक अशोक पाटील जी ने अवगत कराया की कर्मवीर मल्टिस्टेट जयसिंगपूर शाखा कोल्हापूर में अ‍ॅड. वीराचार्य वीरशिरोमणी बाबासाहेब कुचनुरे सर जी की 38 वी पुण्यतिथी संपन्न। इस कार्यक्रम में फोटो पूजन संस्था के सन्माननीय सभासद एवं उद्योजक श्री.जितेंद्र चौगुले जी द्वारा फोटो पूजन किया गया। शाखाधिकारी श्री.एन बी पाटील जी ने स्वागत एवं प्रस्तावना किया। संस्था के व्हा.चेअरमन श्री.अमोल पाटील साहेब जी ने बाबासाहेब जी कुचनुरे सर जी के सामाजिक,धार्मिक कार्य और योगदान की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम को संस्था के सभासद,सभी सेवक और पिग्मी एजंट उपस्थित थे।

# वीरांगना रानी अवन्ति बाई लोधी का 195वीं जयन्ती पर किया सादर नमन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** वीरांगना रानी अवन्ति बाई लोधी का उनकी 195वीं जयन्ती पर राजधानी शहर रायपुर के जिला अस्पताल पंडरी के प्रांगण में स्थित प्रतिमा स्थल के समक्ष सादर नमन करने रायपुर नगर निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 3 के सहयोग से पुष्पांजलि आयोजन रखा गया.

रायपुर नगर निगम के पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर वीरांगना रानी अवन्ति बाई लोधी को उनकी 195,वीं जयन्ती पर प्रमुख रूप से रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, पूर्व विधायक श्री श्रीचंद सुंदरानी, नगर निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, नगर निगम के पूर्व पार्षद डॉ प्रमोद साहू, श्री मोहन उपारकर, लोधी



समाज पदाधिकारियों, महिलाओं, गणमान्यजनों, नवयुवकों, वरिष्ठ नागरिकों, आमजनों ने बड़ी संख्या में रायपुर जिला अस्पताल पंडरी के प्रांगण में पहुंचकर सादर नमन किया।

नगर निगम सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़ ने कहा कि वीरांगना अवन्ति बाई लोधी का जीवन प्रेरणादायक है. वीरांगना ने जीवन में पति के अवसान के बाद परिवार के लालन -पालन एवं मध्यप्रदेश राज्य के रामगढ़ क्षेत्र की रानी की दोहरी भूमिका बखूबी निभायी. वीरांगना ने 1857 की क्रांति में अद्भुत वीरता प्रदर्शित कर अनेक बार अंग्रेज सेना को हराकर रामगढ़ से बाहर खदेड़ा, जब अंग्रेज सेना से वीरांगना अवन्ति बाई लोधी चारों ओर से घिर गयीं, तो भी वे जीवन के अंतिम क्षण तक अंग्रेज सेना से अद्भुत तरीके से अकेली ही रणभूमि में संघर्ष करती रहीं एवं वीरांगना रानी अवन्ति बाई लोधी ने अंग्रेज सेना के सामने हार ना मानकर अपने निज जीवन की इहलीला अपनी तलवार से स्वयं समाप्त कर ली एवं रनभूमि में वीरगति को प्राप्त हुई।

# श्री सम्मेद शिखर जी सिद्ध क्षेत्र से गिरनार जी सिद्ध क्षेत्र की वंदना का आह्वाहन : विश्व जैन संगठन

**नई दिल्ली ( विश्व परिवार )।** भगवान नेमिनाथ के निर्वाण दिवस पर अगामी 10 जुलाई 2027 को गिरनार जी वंदना के लिए अबकी बार



2,22,222 बंधुओं को प्रेरित करने हेतु विश्व जैन संगठन के आह्वाहन पर श्री शंकर जैन पत्रकार, दिनेश जैन सिल्वर बाबा बॉबी जैन नेता भिंड के नेतृत्व में गुरु सेवा परिवार, भिंड द्वारा श्री सम्मेद शिखर जी में 17 - 18 अगस्त 2026 को मधुबन में तेरापंथी कोठी प्रांगण में गिरनार वंदना शपथ पत्र भरवाएं जा रहे है।

विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन ने 19 अगस्त 2026 को श्री पार्श्वनाथ भगवान के निर्वाण दिवस पर श्री पारसनाथ पर्वतराज की वंदना के लिए आने वाले सभी श्रद्धालुओं से अपने परिवार व मित्रों सहित गिरनार जी वंदना के भाव बनाकर शपथ पत्र भरने और गिरनार जी की वंदना कर पुण्यार्जन करने का निवेदन किया।

श्री बंगाल बिहार उड़ीसा दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी, मधुबन के विशेष सहयोग से आयोजित स्टाल पर देश के विभिन्न राज्यों से आ रहे जैन श्रद्धालु गिरनार वंदना 2027 के लिए शपथ पत्र भर रहे है। पारसनाथ पर्वतराज की वंदना हेतु गए इंदौर सहित देश भर से आए विश्व जैन संगठन युवा प्रकोष्ठ के युवाओं और युवा प्रकोष्ठ के महामंत्री श्री सागर जैन, सरधना ने मधुबन में आने वाले सभी जैन बंधुओं से गिरनार वंदना शपथ पत्र भरने का निवेदन किया।

# अनाचार ध्यान से चोटिल होती है आत्मा, मर्यादित जीवन ही आत्मकल्याण की राह: मुनिश्री संवेगरत्न सागर म.सा.

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** विवेकानंद नगर स्थित श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में जारी सर्वमंगलमय वर्षावास की चातुर्मासिक प्रवचनमाला में सोमवार को परम पूज्य मुनिश्री संवेगरत्न सागर जी म. सा. ने जीवन में आचार और मर्यादा को अपनाने का संदेश दिया। मुनिश्री ने कहा कि जीवन में आचार को प्रवेश कराना ही होगा। अनाचार का त्याग कर मर्यादामय जीवन जीने का संकल्प हो तो अनाचार ध्यान हावी नहीं हो सकता।

मुनिश्री ने कहा कि यदि जीवन में अनाचार का सेवन हो जाए तो उसका प्रायश्चित करना चाहिए। हमारी प्राथमिकता सदैव आचार ध्यान की ओर बढ़ने की होनी चाहिए। अनाचार ध्यान आत्मस्वरूप को आहत करता है और इसके परिणामस्वरूप दुख,



दुर्गति और पीड़ा ही प्राप्त होती है।

मुनिश्री ने कहा कि जीव के कुसंस्कार होने पर उसे उत्तम निमित्त मिल जाएं, तब भी कुछ नहीं हो सकता। कुसंस्कार जीव को अनाचार ध्यान की ओर प्रेरित करते हैं। अनाचार ध्यान के सेवन के कारण उत्तम निमित्त भी फलीभूत नहीं हो पाते। इसलिए अनाचार ध्यान का विचार मन में आए तो उसे टालने का प्रयास करना चाहिए और जीवन में ऐसे निमित्त मिलें तो उनसे दूरी बनाना ही बुद्धिमानी है।

मुनिश्री ने कहा कि आत्मा के रोग का ज्ञान होने के बाद भी यदि प्रायश्चित नहीं किया और मर्यादित जीवन जीने का प्रयास नहीं किया तो भव सुधार की दिशा में आगे बढ़ना कठिन है। इसके लिए सामान्य सा पराक्रम जागृत करना होगा। बगैर समझे अनाचार ध्यान का सेवन करने वाले व्यक्ति को जब उसके परिणाम सामने आएं तो उन्हें स्वीकार करने का भी पराक्रम रखना चाहिए।

मुनिश्री ने कहा कि अनाचार ध्यान की साधना जीवन के मूल लक्ष्य को प्रभावित कर रही है। गुरु भगवंत का निमित्त मिलने के बाद भी यदि व्यक्ति सीख ग्रहण नहीं करता और अनाचार में लिप्त रहता है तो आत्मकल्याण के पथ पर चलना संभव नहीं होगा। वहीं, आपके बीच में ऐसे लोग भी हैं जो अद्भुत पराक्रम के साथ आचार ध्यान को अपने जीवन में उतार रहे हैं।

# सबके दिन एकसे नहीं होते : पट्टाचार्य भी विशुद्धसागर जी

**नई दिल्ली ( विश्व परिवार )।** पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी के परम भक्त वैभव जैन बडामलहरा जी ने अवगत कराया की दिल्ली, ऋषभोदय , ऋषभ विहार में विराजित श्रमण संस्कृति दिगम्बर जैन धर्म के पट्टाचार्य भी विशुद्धसागर जी ने धर्म-सभा में सम्बोधन करते हुए कहा कि - सबके दिन एकसे नहीं होते मित्रों। जीवन में इस सूत्र को कभी नहीं भूलना कि- 'सबके दिन एक-से नहीं होते'। जहाँ कभी महल थे, वर्तमान में वहाँ, खण्डहर पड़े हैं। जहाँ श्मशान थे वहाँ आज घर, मंदिर, भवन बने हैं। जो कभी सम्राट थे, वे पद से हट गए और जो कभी सेवक थे वे सेठ (धनिक) बन गए।

जिनकी कभी पूजा होती थी, उनको आज कोई पूछ भी नहीं रहा है। जेल का उद्‌घाटन करने वाले भी जेल चले जाते हैं। घड़ी का कांटा कभी बारह पर होता




है, तो कभी वही कांटा छह पर होता है। कभी शाम, कभी प्रातः। कभी अंधकार तो कभी उजास (प्रकाश)। कभी घी घणा, कभी सुट्ठी भर चना।

संकटों में धैर्य रखो। संकट के दिन भी सदा नहीं रहते, सुख के दिन भी सदा नहीं रहते। कष्ट में फूलो मत, सुख में फूलो मन । सब दिन एकसे नहीं होते, सबके दिन एकसे नहीं होते। दिने बदलते देर नहीं लगती।

## कैंची नहीं, सुई बनो

जीनन में सुखी रहना चाहते हो, अपना कल्याण करना है, तो करो, सुई का काम सीखो। कैंची मत बनो अर्थात काटने का काम मत करो अर्थात् जोड़ने का काम करो। तोड़ो मत, जोड़ना सीखो । किसी को गिराओ मत, उठाने का प्रयास करो। किसी का तिरस्कार मत करो, यथा-योग्य सबका सत्कार करो।

## द्रव्य दृष्टि महान

द्रव्य-दृष्टि महान् होती है। एक मौ दुग्ध में घृत को देख लेती है, एक कृषक बीज में वृक्ष देख लेता है, एक शिल्पकार पाषाण में प्रतिमा देख लेता है, एक कुम्भकार मिट्टी में मटकी देख लेता है, एक योगी (साधक) आत्मा में परमात्मा को देख लेता है। यही द्रव्य दृष्टि है।

द्रव्य दृष्टि के बिना आटे से रोटी भी नहीं बनती है। आत्मा से परमात्मा बनना है, तो दुव्य-दृष्टि से निहारी। जबतक द्रव्य (धन) पर दृष्टि है, तब-तक दुच्य (आत्मा) पर दृष्टि नहीं जा सकती है। आत्म-दृष्टि ही सर्वश्रेष्ठ है।

## चित्रों का चित्त पर प्रभाव

आकृतियों का मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। चित्र देवसीयत देखते ही चित्त प्रभावित होता है। अपने घरों में, भवनों में ऐसे चित्र लगाओ जिससे मन वैराग्य, दया, करुणा, विनय से भर जावे। प्रभु की प्रतिमा देखते ही हाथ जुड़ जाते हैं, गुरु के दर्शन होते ही व्यक्ति आह्लाद से भर जाता है। एक चित्र वैराग्य बढ़ाता है, एक चित्र बाब वासना जाग्रत कर देता है।

## अविद्या से बचो, बिद्या रथ पर चलो

अपने आपको हीन मानना, कमजोर मानना ही अविद्या है। यथार्थ को नहीं पहचानना भी अज्ञान है। अविद्या से अपनी रक्षा करो, विद्या (ज्ञान) का प्रयोग करो, विद्या- रथ पर आरूढ़ होकर आगे बढ़ो। विद्या से विनय प्राप्त होती है। विनय सुख शान्ति का आधार है।

# कवि सम्मेलन में कवियों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को किया नमन



**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** उत्तर प्रदेश साहित्यसभा के तत्वावधान में भारतरत्न अटल विहारी बाजपेयी की पुण्यस्मृति में विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन डॉ. रोहित साहू के निवास पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकाश साहू ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ ऋषि साहू ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। सरस्वती वन्दना करते हुए वरिष्ठ कवि सुदेश सोनी ने पढ़ा 'कृपा मात शारदे करियौ, ज्ञान हिये में भरियौ। बगरे इतै ज्ञान के गुरिया, एक लरी में बरियौ। कवियों का परिचय कराते हुए हास्यमय संचालन संस्था के संयोजक कवि महेश 'मास्साब' ने किया। उत्तर प्रदेश सभा का कार्यवृत्त, उद्देश्य एवं आगामी कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण संस्था के मन्त्री कवि शीलचन्द्र जैन 'शास्त्री ' ने प्रस्तुत किया।

# हर कदम शिव को समर्पित, हर श्वास में हर हर महादेव : विधायक भावना बोहरा

- कांवड़ियों ने किया भोरमदेव में जलाभिषेक
- अमरकंटक से भोरमदेव तक 151 किमी की कांवड़ यात्रा पूर्ण



**कवर्धा ( विश्व परिवार )।** पैरों में माहुर रंग, एक हाथ में राष्ट्र ध्वज तिरंगा और दूसरे हाथ में कांवड़ के साथ पंडरिया विधायक भावना बोहरा और 600 कांवड़ियों ने यात्रा के अंतिम दिन बाबा भोरमदेव के जलाभिषेक के लिए प्रस्थान किया। इसके साथ ही 16 अगस्त को अपने अंतिम पड़ाव के लिए बोड़ला से निकली यह यात्रा भोरमदेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के साथ माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से भोरमदेव तक 151 किलोमीटर की कांवड़ पदयात्रा पूर्ण हुई। 10 अगस्त को माँ नर्मदा मंदिर अमरकंटक से शुरू हुई इस यात्रा में भारतीय संस्कृति के साथ-साथ आस्था, श्रद्धा, राष्ट्रप्रेम और सनातन संस्कृति के अद्भुत संगम का साक्षी बना भोरमदेव धाम, जहां पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में अमरकंटक स्थित माँ नर्मदा मंदिर से प्रारंभ हुई 151 किलोमीटर की ऐतिहासिक कांवड़ पदयात्रा का आज भव्य एवं भावपूर्ण समापन हुआ। विधायक भावना बोहरा एवं 600 कांवड़ यात्रियों ने भगवान भोलेनाथ के जयघोष के साथ भोरमदेव मंदिर पहुंचकर माँ नर्मदा के जल से जलाभिषेक किया। इस दौरान विगत वर्ष से भी अधिक भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर में देखने को मिली। हजारों की संख्या में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का मंदिर में कांवड़ यात्रा के स्वागत एवं भोलेनाथ के दर्शन हेतु आगमन हुआ। इतनी विशाल संख्या में उमड़े जनसैलाब से पूरा क्षेत्र शिवभक्ति में रम गया और हर हर महादेव एवं बोल बम के नारे से पूरा कबीरधाम जिला भक्तिमय हो उठा।

कांवड़ यात्रियों के भोरमदेव पहुंचते ही पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव, बोल बम और भारत माता की जय के जयघोष से गूंज उठा। हजारों श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ यात्रियों का भव्य स्वागत किया। सड़क के दोनों ओर उमड़े जनसैलाब ने यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया और भोरमदेव की धरती आस्था एवं राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आई। माँ नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से भगवान भोरमदेव तक की इस 151 किलोमीटर की पदयात्रा में श्रद्धालुओं ने कठिन वनांचल मार्गों, पहाड़ी रास्तों, नदियों, तेज बारिश और अनेक चुनौतियों के बीच भी अपनी आस्था और संकल्प को कमजोर नहीं होने दिया। यात्रा के दौरान प्रकृति के बीच से गुजरते हुए कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ का स्मरण करते हुए निरंतर पदयात्रा जारी रखी। पैरों में पड़े छालों और थकान के बावजूद श्रद्धालुओं के कदम रुके नहीं, बल्कि हर-हर महादेव के जयघोष के साथ उनका उत्साह लगातार बढ़ता गया।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि यह यात्रा मेरे लिए केवल 151 किलोमीटर की पदयात्रा नहीं, बल्कि माँ नर्मदा और भगवान भोलेनाथ के प्रति अटूट आस्था, सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण और राष्ट्र के प्रति गौरव की अनुभूति का आध्यात्मिक संकल्प था। जब कांवड़ में माँ नर्मदा का पावन जल लेकर हम भोरमदेव की ओर बढ़ रहे थे, तब मन में यह भाव था कि हमारी आस्था और हमारी राष्ट्रभक्ति एक-दूसरे की पूरक हैं। तिरंगा हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और गौरव का स्मरण कराता है, वहीं भगवा ध्वज हमारी सनातन संस्कृति, त्याग और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मेगा कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम आयोजित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया आज के दिन सारे भारत में मेगा कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी तारतम्य में हमारे बैंक के कृषि एवं सामाजिक बैंकिंग विभाग द्वारा आज होटल जिंजर लीफ धमतरी में मेगा कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के किसानों को हमारे बैंक की विविध कृषि ऋण योजनाओं की जानकारी देना तथा कृषकों की जरूरत के अनुसार हर संभव सहायता करते हुए कृषि ऋण वितरित करना है, जिससे देश के कृषकों का सशक्तिकरण व विकास हो सके। इस कार्यक्रम में लगभग 100 कृषकों एवं स्व-सहायता समूह हितग्राहियों ने बढ़ चढ़कर उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को कृषि ऋण संबंधी विविध योजना की जानकारी देने के अलावा उनकी ऋण संबंधी समस्याओं के फीडबैक लेकर अपने प्रोडक्ट व प्रक्रिया में यथासंभव सुधार करने का आश्वासन भी बैंक द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में श्री मनीष साहू, उपनिदेशक-कृषि, श्री रविंद्र कुमार तिलवानी, एलडीएम व श्री सलज अग्रवाल, जिला संयोजक, व्यापारी प्रकोष्ठ-धमतरी ने उपस्थितों को संबोधित किया। साथ ही, इस कार्यक्रम में हमारे बैंक के मुंबई स्थित मुख्यालय से पधारे महाप्रबंधक श्री रोहित कुमार एवं रायपुर अंचल के अंचल प्रमुख श्री राकेश भूतड़ा विशेष रूप से उपस्थित थे। पूरा कार्यक्रम रायपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख श्री प्रफुल्ल बंसल के नेतृत्व व समन्वय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हमारे बैंक के धमतरी शाखा के मुख्य प्रबंधक श्री मनीष मिंज भी उपस्थित थे। आज रायपुर क्षेत्र में आयोजित मेगा कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम में 92 कृषक हितग्राहियों को लगभग 71.49 करोड़ के कृषि ऋणों की स्वीकृति दी गई, जिसमें स्व सहायता समूह के ऋण भी शामिल हैं। कार्यक्रम का समापन कृषि व सामाजिक बैंकिंग विभाग के मुख्य प्रबंधक श्री देवेश वर्मा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन इसी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी श्री त्रिभुवन मेश्राम ने किया।

# जशपुर के विकास ठाकुर ने पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

- 83 किग्रा वर्ग में लहराया परचम



**जशपुरनगर ( विश्व परिवार )।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जमशेदपुर, झारखंड में आयोजित एमेच्योर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप सीजन-4 में जशपुर जिले के उभरते पावरलिफ्टर विकास ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में विकास ने 83 किलोग्राम सब-जूनियर भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया।

चैंपियनशिप का आयोजन एंटीग्रेविटी जिम, जमशेदपुर द्वारा किया गया था। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबले के बीच विकास ठाकुर ने अपनी ताकत, तकनीक और निरंतर अभ्यास का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 497.5 किलोग्राम वजन उठाया और अपने वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया।

विकास का यह प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत, शारीरिक फिटनेस और खेल के प्रति अनुशासन को दर्शाता है। स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने पावरलिफ्टिंग के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

विकास ठाकुर वर्तमान में जशपुर जिले के जशपुर फिटनेस जिम में ट्रेनर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रशिक्षण के साथ-साथ स्वयं प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर उन्होंने यह साबित किया है कि लगातार मेहनत और सही मार्गदर्शन के जरिए स्थानीय प्रतिभाएं भी बड़े मंच पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

# स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मेघावी विद्यार्थियों का सम्मान



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष रायपुर कॉन्वेंट उ.मा. विद्यालय जनता कालोनी गुढ़ियारी, न्यूराजेन्द्र नगर, शिवानंद नगर एवं केन्ट इन्टरनेशनल स्कूल (सी.बी.एस.ई.) झीट विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः- 09:30 बजे झण्डा रोहण किया गया छात्र/ छात्राओं द्वारा इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ वर्णिका शर्मा (अध्यक्ष बाल संरक्षण आयोग) विशेष अतिथि श्री प्रफूल्ल विश्वकर्मा जी लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष, श्री जय नारायण जी कसार, सिन्धी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अमर चंदनानी जी श्री डॉ. रविन्द्र नाथ मल्लिक विद्यालय के सचिव श्री कमल प्रसाद कसार जी, श्री अदित्य कसार प्राचार्या श्रीमती डॉ. श्वेता वासनिक, प्राचार्या श्रीमती रानी शर्मा समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं छात्र/छात्राओं द्वारा उत्साह पूर्वक स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। विद्यालय की छात्रा कु. हिमशिखा गुप्ता छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल में कक्षा 12वीं में 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवाविन्त कर छत्तीसगढ़ में प्रविणय सूची में आंठवा स्थान एवं रायपुर जिले में दूसरा स्थान ग्रहण किया उन्हें भी विद्यालय के सचिव कमल प्रसाद कसार एवं मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कसार समाज के नर्सरी से 12वीं एवं कालेज में अध्ययनरत एवं खिलाड़ी छात्र/छात्राओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया जिनके नाम तनिष्का कसार 99.8 प्रतिशत ऑचल कसार 74.3 प्रतिशत ,खुशबु कसार 84.5 प्रतिशत , शाश्वत कसार 77.90 प्रतिशत कृतिका कसार किक बॉक्सर सुरभी ताम्रकार किक बॉक्सर, रिशीव कसार 81.39 प्रतिशत कक्षा में अंक प्राप्त कर समाज को गौराविन्त किया उन्हें भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया विद्यालय के 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं के प्रत्येक कक्षा के 10 मेघावी छात्र/छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें भी मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के सचिव द्वारा सम्मानित किया गया।

# अटल जी की पुण्यतिथि पर महापौर ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन



**राजनांदगांव ( विश्व परिवार )।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न माननीय अटल बिहारी बाजपेयी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर महापौर श्री मधुसूदन यादव ने अटल परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर उनके योगदानो को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही पूर्व मंत्री श्री लीलाराम भोजवानी जी पुण्यतिथि पर उनके तैलचित्र में माल्यार्पण किए।

अटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने कहा कि अटल जी देश सेवा के लिए समर्पित थे और उन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में देश को एक अलग पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि उनके सरल व्यक्तित्व ओजस्वी वक्ता और राष्ट्रहित की भावना के आधार पर सभी राजनेतिक दल उन्हे मानते थे। अटल जी छत्तीसगढ राज्य के निर्माता थे। आज जो छत्तीसगढ़ विकास की ओर अग्रसर हो रहा है, उसमें अटल जी का महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व मंत्री स्व. श्री लीलाराम भोजवानी जी को नमन करते हुए कहा कि भोजवानी जी भी एक सौम्य एवं सरल नेता थे, उन्होंने पार्षद से लेकर मंत्री तक का राजनीतिक सफर तय किया।

बीस सूत्री क्रियान्वयान समिति के पूर्व उपाध्यक्ष श्री खूबचंद पारख ने अटल जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटल जी एक ऐसे व्यक्तित्व थे, जिनका किसी से कोई बैर नही था और उनके कार्य व व्यवहार से विरोधी दल के लोग भी उनकी प्रशंसा करते थे। उन्होंने देश की एकता, अखण्डता और देश को विकसित करने के लिए अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में अनेक कार्य किए। उनके राष्ट्र भक्ति, सरल व्यक्तित्व सदेव याद किया जायेगा। उन्होने भोजवानी जी की पुण्यतिथि पर भी उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# वंदे मातरम् के अपमान के विरोध में भाजयुमो ने निकाली मशाल यात्रा



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के कथित अपमान के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बलौदाबाजार द्वारा मशाल यात्रा निकाली गई।

मशाल यात्रा अटल चौक से निकाली गई। इस दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन किया और राष्ट्रीय गीत के सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में बलौदाबाजार के पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष प्रणम्य पांडे, जिला महामंत्री प्रशांत यादव एवं सतीश सोनी सहित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश शर्मा, असीम विश्नोई और नीरज परगनिहा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा बलौदाबाजार शहर मंडल अध्यक्ष तरुण वर्मा, भाटापारा शहर मंडल अध्यक्ष पीयूष साहू, कौशलपुर मंडल अध्यक्ष रोशन साहू, कटगी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू सहित जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंचल में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**आरंग।** अंचल में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र में जगह-जगह ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुए। 'घर-घर तिरंगा' अभियान के तहत लोगों ने अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगाकर देश के प्रति सम्मान प्रकट किया। वहीं अंचल की शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में इस बार भी स्वतंत्रता दिवस अनोखे अंदाज में मनाया गया। बच्चों ने बैंड-बाजे के साथ प्रभात फेरी निकाली। शिक्षकों के मार्गदर्शन में करीब 30 बच्चों ने देश के महापुरुषों और शहीदों के परिधान में आकर्षक झांकी निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया। पंचायत द्वारा बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए गोरिल्ला और खरगोश के कॉस्ट्यूम में देशभक्ति गीतों पर नृत्य कराया गया, जो बच्चों और ग्रामीणों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

# सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संभाग आयुक्त कार्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संभाग के विभिन्न जिलों से संबंधित अधिकारियों ने सहभागिता की।

कार्यशाला में अधिकारियों को सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों, आवेदन प्राप्त होने से लेकर सूचना उपलब्ध कराने की प्रक्रिया, समय-सीमा, लोक सूचना अधिकारियों की जिम्मेदारियों तथा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर कमिश्नर श्री डोमन सिंह, डिप्टी कमिश्नर श्रीमती गीता रायस्त, राज्य सूचना आयोग के अवर सचिव श्रीमती गीता दीवान, राज्य सूचना आयोग के मास्टर ट्रेनर सहित संभाग के विभिन्न जिलों के अधिकारी उपस्थित रहे। मास्टर ट्रेनरों द्वारा अधिकारियों को आरटीआई अधिनियम के व्यावहारिक पक्षों से अवगत कराया गया तथा कार्य के दौरान आने वाली जटिलताओं और उनके निराकरण के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला में अधिकारियों को सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

# Azeem EduCorp Computer Institute में मनाया गया 'ग्रीन डे'



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** Azeem EduCorp Computer Institute एवं Azeem Education Welfare Society द्वारा Changora Bhata, Mahadeva Talab के सामने स्थित संस्थान में 'ग्रीन डे' का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं स्वच्छता का संदेश देना था। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में समाज सेवी पीयूष जैन, जय प्रकाश साहू, सार्थक जैन एवं वसंत पटेल उपस्थित थे। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा की गई पौधारोपण, कुकिंग कंपटीशन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। अतिथियों ने कहा कि 'शिक्षा के साथ-साथ इस प्रकार की रचनात्मक एवं पर्यावरण आधारित गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।'

# दृष्टिबाधा नहीं बनी बाधा, जयमंती के सपनों को मिली डिजिटल उड़ान

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दृष्टिबाधित छात्रा जयमंती खेस को भेंट किया लैपटॉप



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मजबूत इरादों के आगे कठिनाइयां भी रास्ता छोड़ देती हैं। जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखंड के ग्राम गोरिया की शत-प्रतिशत दृष्टिबाधित छात्रा जयमंती खेस ने अपनी दृष्टिबाधा को कभी शिक्षा की राह में बाधा नहीं बनने दिया। उच्च शिक्षा प्राप्त कर शिक्षक बनने का सपना संजोए जयमंती की पढ़ाई को अब तकनीक का मजबूत सहारा मिला है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज ग्राम बगिया स्थित अपने निवास पर जयमंती को विशेष सॉफ्टवेयर युक्त लैपटॉप प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

जयमंती वर्तमान में डिग्री गर्ल्स कॉलेज, रायपुर में बी.ए. अंतिम वर्ष की छात्रा हैं। दृष्टिबाधा के बावजूद शिक्षा के प्रति उनकी लगन और आगे बढ़ने का जज्बा मजबूत है। लैपटॉप मिलने से अब डिजिटल अध्ययन सामग्री तक उनकी पहुंच आसान होगी और वे आधुनिक तकनीक की सहायता से अपनी पढ़ाई को अधिक सुगमता से आगे बढ़ा सकेंगी।

लैपटॉप प्राप्त करते समय जयमंती के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह लैपटॉप उनकी पढ़ाई में बेहद उपयोगी साबित होगा। इससे अध्ययन सामग्री तक पहुंच आसान होने के साथ उच्च शिक्षा के अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने में भी मदद मिलेगी।

**'शिक्षक बनना चाहती हूं'- जयमंती के जवाब ने मुख्यमंत्री को किया प्रसन्न**

मुख्यमंत्री श्री साय ने लैपटॉप प्रदान करने के दौरान जयमंती से आत्मीय बातचीत की। उन्होंने छात्रा की पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और पूछा, 'आगे क्या बनना चाहती हो?' जयमंती ने आत्मविश्वास से जवाब दिया, 'शिक्षक बनना चाहती हूं।'

जयमंती का लक्ष्य जानकर मुख्यमंत्री ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा, 'शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं। पूरी लगन से पढ़ाई करें और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर आगे बढ़ती रहें।' मुख्यमंत्री ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प और परिश्रम से जीवन की कठिन से कठिन चुनौती को पार कर अपने सपनों को साकार किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें, इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। विशेष रूप से दिव्यांग विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप संसाधन और सहयोग उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है।

**जनदर्शन में रखी थी आवश्यकता, संवेदनशीलता से मिला समाधान**

जयमंती ने अपनी पढ़ाई को सुगम बनाने के लिए कलेक्टर जनदर्शन में लैपटॉप उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। छात्रा की आवश्यकता और शिक्षा के प्रति उनकी लगन को देखते हुए कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद समाज कल्याण विभाग ने छात्रा की विशेष जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सहायक सॉफ्टवेयर से युक्त लैपटॉप तैयार कराया। आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने स्वयं यह लैपटॉप जयमंती को प्रदान किया। इस प्रकार जनदर्शन में छात्रा द्वारा रखी गई आवश्यकता का समाधान उसके शिक्षा के सपने को आगे बढ़ाने का माध्यम बन गया।

# सेवा ही सच्ची मानवता : गंगाधर बघेल



**जागृति नगर।** समाजसेवी गंगाधर बघेल जी द्वारा गांडा समाज के जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क पेंसिल, रबर एवं कॉपी का वितरण किया गया।

इस पहल का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग प्रदान करना है। इस अवसर पर टीचर श्रीमती ज्योति महानंद जी, श्रीमती शीबा वर्मा जी, श्रीमती वर्षा डोंगरे जी एवं समाजसेवी श्री कृष्णा राणा जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। बच्चों की मुस्कान और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह ही हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा है। शिक्षा का दीप जलाएँ, समाज को आगे बढ़ाएँ।


**न्यायालय तहसीलदार (नजूल) जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

राजस्व प्रकरण क्रमांक / ब-121/2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री उमेश पारख** पिता **स्व. बंशीलाल पारख** निवासी सदर वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक अपने **पुत्री** के लिये आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आय सम्पत्ति प्रमाण पत्र (EWS) प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र परिशिष्ट-एक में आवेदन पत्र पेश किया है।

उपरोक्त संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति करनी हो तो दिनांक 31/08/2026 के पूर्व न्यायालय तहसीलदार (नजूल) परिसर में स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 17.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार ( नजूल )**
**जगदलपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
**ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID - rmczone5@gmail.com**

पत्र क्रं./34243/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026
रायपुर दिनांक : 17-08-2026

**इश्तिहार**


**नामांतरण प्र.क्र. 34243**
**वार्ड का नाम-39- ठाकुर प्यारे लाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 39 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR569N00141** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **DIPAK DATTATRAY PRAKASH DATTATRAY KIRAN DATTATRAY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DATTATRAY SUR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VIBHAWATI SHOOR W/O LATE. DEEPAK KUMAR SHOOR 2. PRAKASH KUMAR SHOOR S/O DATTATREY PURUSHOTTAM SHOOR 3. KIRAN KUMAR SHOOR S/O DATTATREY PURUSHOTTAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती ... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।


सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**


समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ
गोपाल सिंह विद्रोही
वरिष्ट पत्रकार एवं ब्यूरो चीफ
विश्व परिवार- जिला सूरजपुर
अमन सिंह
कु. श्रेया सिंह
श्रीमती राखी सिंह


समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ
योगेश पटेल
पुलिस अधीक्षक
जिला -सूरजपुर छत्तीसगढ़
विराट बीसी थाना प्रभारी
रामानुज नगर (श्रीनगर)


स्वतंत्रता से सुरक्षा तक, विरासत से विकास तक, नई पहचान गढ़ रहा छत्तीसगढ़
80वें
स्वतंत्रता दिवस
15 अगस्त 2026
की समस्त छत्तीसगढ़ वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...
मो0 इसराईल
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
जिला प्रभारी- गौरेला-पेंड्रा-मरवाही
(बिलासपुर संभाग)
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़


समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ
जल जंगल जंगली जानवरों को करे सुरक्षित वृक्ष
लगाए और उसे बचाए पेड़ हमारा जान है, प्राण है
भारतवर्ष का शान है। वृक्ष लगाए और इसे बचाए
धीरेन्द्र सिंह डिप्टी रेंजर
वन क्षेत्र जयनगर
जिला - सूरजपुर (छ.ग.)


समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ
NAYARA
एस्सार महामाया फ्यूल एनर्जी पेट्रोल पम्प
सतपता( मेन रोड बिश्रामपुर) सूरजपुर छत्तीसगढ़
शुद्धता की पहचान सूरजपुर जिला में अलग ही नाम
संतोष कुमार
जायसवाल
रोहित कुमार
जायसवाल


वंदे मातरम्
समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ
श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े
मंत्री - महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण, छ.ग. शासन

दैनिक **विश्व परिवार** महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, मंगलवार 18 अगस्त 2026

## डेंगू-मलेरिया से बचाव हेतु निगम का विशेष अभियान, 79 घरों का सर्वेक्षण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा मच्छर जनित रोग डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम तथा मच्छर उन्मूलन के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज जोन-4 शिवाजी नगर, वार्ड क्रमांक-51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर खुर्सीपार अंतर्गत डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर में निगम के विशेष दस्ते द्वारा घर-घर गृह भेंट कर सर्वेलेंस सर्वेक्षण किया गया। अभियान के दौरान 79 घरों का सर्वेक्षण करते हुए कुल 271 प्रजनन स्रोतों का निरीक्षण किया गया। इनमें से 19 प्रजनन स्रोतों में पुराना जमा पानी पाया गया, जिसे तत्काल खाली कराया गया। इन प्रजनन स्रोतों में 05 कूलर, 05 टंकियां, 08 कंटेनर एवं 01 गमला शामिल हैं।



# देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम से कपड़ा मार्केट पंडरी रोड अब 'अयोध्या प्रसाद जैन मार्ग'

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर नगर पालिक निगम के द्वारा मुक्तिधाम देवेंद्र नगर से पंडरी कपड़ा मार्केट तक के मार्ग का नामकरण अब अमर स्वतंत्रता सेनानी अयोध्या प्रसाद जैन के नाम से कर दिया गया है। इस उपलक्ष में अजय जैन परिवार के द्वारा रविवार 16 अगस्त को विमतारा सभागृह में एक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया जिसमें स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संघ एवं जैन समाज के लोगों के द्वारा नगर पालिक निगम का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महापौर को 'भारत गौरव' सभापति को 'स्वातंर्त्य गौरव' एवं अमर गिदवानी, महेंद्र खोडियार तथा सविता पाठक को 'जय भारत सम्मान' से अलंकृत किया गया।




समारोह को संबोधित करते हुए संयोजक कैलाश रारा ने बताया कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन में 5000 जैन वीरों ने भाग लिया तथा पहली फांसी हांसी के लाला हुकुमचंद एवं उनके 13 वर्षीय भतीजे फक्कीरचंद जैन को हुई। कर्मचारी नेता एवं निगम के पूर्व राजस्व विभाग अध्यक्ष अरुण दुबे ने आजादी की लड़ाई में जलियांवाला बाग से लेकर भगत सिंग, राजगुरु, सुखदेव तथा नेताजी सुभाष बोस जैसे देश भक्तों के बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा शहीद स्मारक भवन के रिनोवेशन के लिए 50 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। अब किसी सीनियर सिटीजन को सीढ़ियां नहीं चढ़ाना पड़ेगा, स्मारक में लिफ्ट की सुविधा मिलेगी। सभापति सूर्यकांत राठौर ने कहा कि नगर पालिक निगम रायपुर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संघ की हर बात को गंभीरता से सुनते हुए उनकी मांगों पर तत्परता से कार्यवाही करेगा। मंच संचालिका ममता जैन ने पुण्यतिथि 16 अगस्त पर 'भारत रत्न' अटलबिहारी वाजपेयी जी को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। कार्यक्रम में मंगलाचरण कवि राजेश जैन 'राही' के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संघ की संरक्षिका श्रीमती सविता पाठक, राजेंद्र उमाठे, दिगंबर जैन खंडेलवाल पंचायत के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या, अग्रवाल समाज के महेंद्र बागरोदिया, नवीन अग्रवाल, माहेश्वरी समाज से बबीता नत्थानी, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, प्रभात मिश्रा, पत्रकार अनिरुद्ध दुबे, अनुराग जैन, महेश दुबे, डॉ. अक्षत जैन, डॉ. मंजू नेभानी, शोभा मेहता, कुसुम जैन, पवन रारा, मनीष पाटनी, अनिल काला, अरिहंत जैन, वीर जैन, शुभांगी आप्टे, सी.एल. महावार, मुरली खंडेलवाल, सुनील बाजारी, अजय सोनी, पी.आर. अहीर प्रोफेसर अनामिका मोदी, सेवानिवृत्त डिप्टी कमिश्नर वाणिज्यकर शंकर लाल शर्मा, डॉ. श्याम नेभानी, डॉ. राजेश्वरी नेभानी, मोहन नेभानी, भूपेन्द्र मेहता एवं नायडू जी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# चेयरमेन सुबोध कुमार सिंह ने आंधी-बारिश में बिजली बहाल करने वाले कर्मियों को किया पुरस्कृत

- छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ के चेयरमेन श्री सुबोध कुमार सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बिजलीकर्मियों को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसमें आंधी-बारिश, बाढ़ एवं अन्य आपात परिस्थितियों में विद्युत आपूर्ति बहाल करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया, वहीं कंपनी को संभावित क्षतिपूर्ति एवं आर्थिक पेनल्टी से बचाने की पहल करने वालों से लेकर विद्युत उपकेंद्रों में महत्वपूर्ण तकनीकी कार्य समय पर पूर्ण करने वाले तक को पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही ई-आफिस के क्रियान्वयन के लिए डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) श्री राजेंद्र प्रसाद को टीम अवार्ड के रूप में रनिंग ट्रॉफी प्रदान किया गया।

पावर कंपनीज के मुख्यालय डंगनिया में आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट योगदान देने वाले राज्य एवं केंद्रीय कार्यालय स्तर के 12 अधिकारी-कर्मचारियों को अध्यक्ष श्री सिंह (आईएएस) ने नगद पुरस्कार, पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक (जनरेशन) श्री एस.के. कटियार, प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) श्री राजेश कुमार शुक्ला तथा प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन) श्री भीमसिंह कंवर उपस्थित थे। ट्रांसमिशन कंपनी की मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) श्रीमती रश्मि वर्मा ने पुरस्कृत अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया।

राज्य कार्यालय स्तर पर जनरेशन कंपनी से मड़वा के अधीक्षण अभियंता श्री चिंतामणि तिवारी को कंपनी को राखड़ निष्पादन का लक्ष्य 13 प्रतिशत अधिक करने पूरा करने के लिये सम्मानित किया गया। कोरबा पश्चिम के सहायक अभियंता श्री अंकित कुमार जैन को पावर प्लांट के टरबाइन की बेयरिंग स्पीड शून्य होने की गंभीर तकनीकी समस्या का दो घंटे के भीतर त्वरित समाधान करने के लिए मेडल दिया गया।

# एनएमडीसी बचेली में फ्रीडम रन मैराथन का आयोजन




**बचेली (विश्व परिवार)।** स्वतंत्रता दिवस की भावना को चरितार्थ करते हुए, एनएमडीसी बचेली परिसर में स्थित एनएमडीसी डीएवी पब्लिक स्कूल में हैदराबाद रनर्स सोसाइटी के सहयोग से एक जोशपूर्ण 'फ्रीडम रन' का आयोजन किया गया। इस दौड़ में 5-किमी और 10-किमी मैराथन श्रेणियां शामिल थीं, जिसमें प्रतिभागियों ने अद्भुत ऊर्जा, उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ ट्रैक पर दौड़ लगाई।

इस कार्यक्रम में श्री श्रीधर कोडाली, मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख, श्री टी. शिवकुमार, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), श्री महेश एस. नायर, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), विभिन्न विभागों के प्रमुखों, श्रमिक संघों के पदाधिकारियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों, ग्रामीणजन, अन्य जिलों से आए धावकों तथा अन्य लोगों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम ने जनसमूह को नियमित शारीरिक गतिविधि अपनाने और फिटनेस को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करने का एक मंच प्रदान किया। प्रतिभागियों द्वारा दिखाया गया उत्साह उनके स्वास्थ्य, कल्याण और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एनएमडीसी बचेली के विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा हैदराबाद रनर्स सोसाइटी ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को मेडल से सम्मानित किया गया।

# रेलवे ने हर्षोल्लास व उत्साह के साथ हरेली पर्व महोत्सव के रूप में मनाया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** लोकसंस्कृति, कृषि परंपरा और प्रकृति से गहरे जुड़ा हरेली पर्व डब्लू आर एस कॉलोनी स्थित महतारी अंगना में छत्तीसगढ़िया सर्व समाज संगठन (रेलवे) द्वारा हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ महोत्सव के रूप में मनाया गया। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, कृषि परंपरा और प्रकृति से गहरे जुड़ा हरेली पर्व डब्लू आर एस कॉलोनी स्थित महतारी अंगना में छत्तीसगढ़िया सर्व समाज संगठन (रेलवे) द्वारा 12 अगस्त 2026 को हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ महोत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर डब्लू आर एस कॉलोनी एवं आसपास के निवासियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर आयोजन को सामाजिक एकता, भाईचारे और छत्तीसगढ़ी संस्कृति का जीवंत उत्सव बना दिया।



कार्यक्रम में वैगन रिपेयर शॉप, रायपुर के मुख्य कर्मशाला प्रबंधक (CWM) श्री निर्मल कुमार भंडारी अपनी धर्मपत्नी श्रीमती चित्ररेखा भंडारी के साथ विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर श्री निलांजन नियोगी, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, श्री सौरव दवग्गर, श्री रामनारायण साहू, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता तथा WRS कॉलोनी के पूर्व पार्षद श्री राधेश्याम विभार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

हरेली उत्सव के अवसर पर महिला, पुरुष एवं बच्चों के लिए विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें गेड़ी दौड़, रस्साकशी, कबड्डी, नारियल फेंक, कुर्सी दौड़ एवं नींबू-चम्मच दौड़ प्रमुख रहे। इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में खेलों को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला और महतारी अंगना परिसर तालियों एवं उल्लास से गूंजता रहा।

हरेली पर्व के अवसर पर भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। पारंपरिक वेशभूषा, लोक संस्कृति और उत्साह से सजी इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में कॉलोनीवासियों एवं सर्व समाज के लोगों ने सहभागिता की। शोभायात्रा ने पूरे वातावरण को छत्तीसगढ़ी संस्कृति और हरेली पर्व के रंग में रंग दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य कर्मशाला प्रबंधक श्री निर्मल कुमार भंडारी ने हरेली पर्व की महत्ता, प्रकृति संरक्षण, कृषि परंपरा, सामाजिक एकता एवं छत्तीसगढ़ की गौरवशाली लोकसंस्कृति पर प्रेरणादायी विचार रखे। उन्होंने कहा कि हरेली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि हमारी माटी, खेती, प्रकृति और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का पर्व है। उनके प्रेरणादायी संबोधन को उपस्थित लोगों ने अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना। संबोधन समाप्त होने के पश्चात उपस्थित जनसमुदाय ने खड़े होकर लंबे समय तक तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

# मानव-हाथी सह-अस्तित्व की दिशा में जशपुर की अभिनव पहल 'गजरथ यात्रा' को मिली नई पहचान

- मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 'गजरथ यात्रा' पुस्तक का किया विमोचन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के गृहग्राम बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में जशपुर वनमंडल के जनजागरूकता अभियान पर आधारित पुस्तक 'गजरथ यात्रा-भाग 02' का विमोचन किया। यह पुस्तक मानव-हाथी द्वंद्व को कम करने, हाथियों के संरक्षण और प्रभावित क्षेत्रों में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए जशपुर वनमंडल द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं अभिनव गतिविधियों का दस्तावेज है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि जशपुर वन-संपदा और जैव विविधता से समृद्ध क्षेत्र है। यहां मानव और वन्यजीवों के बीच सुरक्षित सह-अस्तित्व सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। हाथियों के प्राकृतिक व्यवहार और उनके विचरण क्षेत्रों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाकर मानव-हाथी द्वंद्व की घटनाओं को कम करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा के साथ वन और वन्यजीवों का संरक्षण सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने 'गजरथ यात्रा' की सराहना करते हुए कहा कि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय समुदायों को जागरूक और सतर्क बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। ऐसे प्रयासों में वन विभाग के साथ स्थानीय समुदायों की सक्रिय भूमिका मानव-हाथी सह-अस्तित्व को मजबूत बनाने में सहायक होती है। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार सहित वन विभाग एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

जशपुर वनमंडल द्वारा विगत वर्षों से हाथी प्रभावित क्षेत्रों में मानव-हाथी द्वंद्व को कम करने और ग्रामीणों को सुरक्षित व्यवहार के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

# एनटीपीसी नवा रायपुर में देशभक्ति व उत्साह के साथ 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

**नवा रायपुर (विश्व परिवार)।** एनटीपीसी नवा रायपुर ने 15 अगस्त, 2026 को देशभक्ति के उत्साह के साथ 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस मौके पर राष्ट्रगीत - वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ, जिसके बाद एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पश्चिमी क्षेत्र-II) श्री नीरज जलोटा ने तिरंगा फहराया और फिर राष्ट्रगान - जन गण मन गाया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, श्री जलोटा ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व और नवाचार एवं दक्षता से प्रेरित होकर किफायती, कुशल और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से विश्वसनीय विद्युत एवं ऊर्जा परिवर्तन समाधान प्रदान करके देश के विकास में एनटीपीसी के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा पर एनटीपीसी के फोकस और भविष्य के अवसरों पर भी प्रकाश डाला ।







इसके अलावा, मुख्य अतिथि ने यूएसएससी, प्रचालन सेवाएँ, कमर्शियल, स्टेशन इंजीनियरिंग, सेफ्टी, राख नई पहल, सीएसआर आदि के क्षेत्रों में उपलब्धियों पर चर्चा की। उन्होंने पश्चिमी क्षेत्र-II के स्टेशनों (छत्तीसगढ़ में कोरबा, लारा और सिपत तथा मध्य प्रदेश में गाडरवारा और खरगोन) को प्लांट प्रदर्शन, परियोजना निष्पादन, वाणिज्यिक क्षेत्र में उपलब्धियों, नई पहलों तथा पुरस्कार और सम्मान प्राप्त करने में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी सराहा। समारोह का मुख्य आकर्षण देशभक्ति की थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, जिसका आयोजन अर्पिता महिला समिति के सहयोग से किया गया, जिसमें बच्चों ने नृत्य, गायन और स्कीट प्रस्तुत किए। इस अवसर पर 20 कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहनीय पुरस्कारों और स्वास्थ्य चैंपियन पुरस्कार-2026 भी वितरित किए गए। इसके अलावा गणमान्य व्यक्तियों ने यूनिट लेवल मेधा प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कार वितरित किए।

कार्यक्रम में श्री बी एन झा, कार्यकारी निदेशक - प्रचालन सेवाएँ; श्री हर्ष आहूजा, कार्यकारी निदेशक (यूएसएससी); अर्पिता महिला समिति और एनटीपीसी कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य; मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# भीखम लाल देवांगन ने एसबीआई बैंक उरला में किया ध्वजारोहण



**बीरगांव।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा उरला परिसर में शनिवार को ध्वजारोहण किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष भीखम लाल देवांगन द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर देश की आजादी में शहीद हुए वीरो की कुर्बानी को याद किया गया इस कार्यक्रम में स्टेट बैंक उरला के बैंक मैनेजर नवीन वाधवानी बैंक स्टाफ पीयूष गेडम रामलाल साहू सुमित्रा सिक्का रचना शर्मा अशोक द्विवेदी प्रभु नाथ यादव उपस्थित थे।

# हरेली बर्ड फेस्टिवल का सफल आयोजन - ग्राम पंचायत टोर



**टोर (धरसींवां) (विश्व परिवार)।** प्रोजेक्ट चहचहाट अंतर्गत ग्राम पंचायत टोर में हरेली बर्ड फेस्टिवल का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर श्री कुमार विश्वरंजन, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सविता चंद्राकर, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती रुक्मणी वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धरसींवा श्री आशीष केशरवानी, बीईओ श्री अमित तिवारी, सीडीपीओ श्रीमती अलका सक्सेना, श्रीमती सुमन टोप्पो, कृषि विभाग से श्रीमती जुबेदा, बीपीएम, डीपीएम श्री सुमित, FES संस्था से श्रीमती मंजीत कौर बल, ग्राम पंचायत टोर के सरपंच श्री हेमंत वर्मा एवं सचिव श्री हरीश सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सैकड़ों स्कूली बच्चों, महिलाओं एवं ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हरेली पर्व की परंपराओं को जीवंत करते हुए फुगड़ी, गेड़ी दौड़, स्थानीय छत्तीसगढ़ी व्यंजन, बच्चों के पारंपरिक खेल, नाटक एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।













प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354